एक नजर में

अप्रैल में सीएम डॉ यादव का दौरा संभावित

ब्यावरा 23 मार्च, का. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आगामी अप्रैल माह के प्रथम पखवाड़े में जिले का दौरा कर सकते है. वे किसान सम्मेलन को संबोधित कर सकते है. सूत्रों के अनुसार उनका दौरे को लेकर 31 मार्च के पहले अटकले लगाई जा रही थी. क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के आग्रह पर उन्होंने संभावित तिथियां दी थी. लेकिन क्योंकि इस समय फसल कटाई का दौर है और किसान अधिकांश खेतों में और मण्डियों में व्यस्त है. साथ ही त्यौहारी सीजन भी है. अत: सीएम का दौरान अप्रैल में किया ज सकता है. मामले में कृषि उपसंचालक सचिन जैन ने बताया कि सीएम का दौरा जिले में जल्द संभावित है. हालांकि तारीखों को लेकर उन्होंने स्थिति स्पष्ट नहीं की है लेकिन उन्होंने बताया कि विभाग और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि वे दौरा जल्द जिले में रखा जाए.

भांग दुकानों से 10 प्रतिशत राजस्व वृद्धि

राजगढ़ 23 मार्च, का. जिला आबकारी अधिकारी रीतेश कुमार लाल द्वारा बताया गया कि जिले की 03 भांग दुकानों एवं 03 भांग-घोटा दुकानों के लिए वर्ष 2025-26 की ऑफसेट प्राइस 28,00,763 रुपये में 10 प्रतिशत की वृद्धि उपरांत 30,80,840 रुपये पर 23 मार्च, 2026 को वर्तमान लाइसेंसधारियों के नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे. साथ ही कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले की 03 भांग दुकानों एवं 03 भांग घोटा दुकानों का 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ राशि 3080840 रुपए में वर्ष 2026-27 हेतु नवीनीकरण कराया गया.

ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण आज

राजगढ़ 23 मार्च, का. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा ईव्हीएम नवीन वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण 24 मार्च को प्रात. 11 बजे किया जाएगा. उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह चौहान द्वारा संबंधित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपेक्षा की नियत समय एवं तिथि पर उपस्थित रहे.

आज से शुरू होगी लहसुन की मंडी

नवभारत न्यूज, ब्यावरा 23 मार्च, का. आज 24 मार्च से स्थानीय कृषि उपज मंडी में लहसुन की खरीदी प्रारंभ की जा रही है. उपरोक्त जानकारी देते हुए मंडी प्रबंधन द्वारा कहा गया है कि आज से मंडी में लहसुन की खरीदी शुरु होगी. लहसुन विक्रय हेतु मंडी में ला सकते है.

आवेदिका को मिली 1 लाख रुपये की सहायता

राजगढ़ 23 मार्च, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा आवेदिका रितु मालवीय को रेडक्रॉस से 1 लाख रूपये की आर्थिक सहायता प्रदाय की गई। आवेदिका रितु मालवीय ने बताया कि आवेदिका के पति सूरज मालवीय मनरेगा में उपयंत्री पद पर जनपद पंचायत खिलचीपुर में संविदा श्रेणी में पदस्थ थे। उनकी हृदय गति रूकने से 4 मार्च को आकस्मिक मृत्यु हो गई थी. आवेदिका के तीन बच्चे हैं, आवेदिका के घर की स्थिति ठीक नहीं है. वह अपने परिवार का भरण पोषण करने में असमर्थ है.

पीएम आवास में घपला, 2 निलंबित किए

अपात्र हितग्राहियों को दिया लाभ, 462 हितग्राहियों के सत्यापन के बाद मामला उजागर हुआ

प्रधानमंत्री आवास योजना में घपला, पहली किश्त जारी होने के बाद

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 23 मार्च, का. जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रथम किस्त जारी होने के बाद लगभग 462 हितग्राहियों को विकासखंड स्तरीय सत्यापन दल द्वारा अपात्र किया जाकर वसूली की कार्रवाई प्रचलित थी. पात्र लोगों को गलत सूचना एवं जानकारी के आधार पर जल्दबाजी में अपात्र करने संबंधी जानकारी प्रभारी मंत्री जिला राजगढ़ के संज्ञान में आने के बाद कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय अपीलीय समिति में अपात्र किए गए हितग्राहियों के प्रकरणों पर पुन: विचार किए जाने के निर्देश दिए गए.

जिसके पालन में सोमवार को जिला स्तरीय अपीलीय समिति में सारंगपुर के 112 तथा जीरापुर के 8 प्रकरण विचारार्थ एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किए गए. समिति द्वारा उक्त प्रकरणों में से 60 हितग्राहियों को पात्र पाए जाने से अनुमोदन प्रदान कर आवास का लाभ दिए जाने का निर्णय लिया गया. राज्य शासन को प्रस्ताव प्रेषित कर पात्र हितग्राहियों को आगामी किस्तों की राशि भुगतान हेतु मांग की जाएगी.

एक जैसे नाम का लाभ लेकर राशि निकाली

कलेक्टर द्वारा प्रकरणों की जांच के दौरान फर्जीवाडा पकड़ा गया है. इसमें अन्य ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत हिनोती जनपद पंचायत राजगढ़ देवेंद्र शर्मा और तत्कालीन ग्राम पंचायत काशीखेड़ी जनपद पंचायत जीरापुर द्वारा अपनी तत्कालीन ग्राम पंचायत काशीखेड़ी में समान नाम वाले अन्य हितग्राही को प्रधानमंत्री आवास का लाभ देते हुए, आवास की राशि निकाल ली गई. इस अनियमितता करने संबंधी प्रकरण में श्री शर्मा ग्राम रोजगार सहायक को निलंबित कर आगामी आदेश तक जनपद पंचायत राजगढ़ में संबंध किया गया है.

सरपंच के बेटे को वेंडर बनाकर राशि निकाली

ग्राम पंचायत हालाहेडी जनपद पंचायत खिलचीपुर के सचिव लखन सिंह खींची द्वारा ग्राम पंचायत हालाहेडी में विभिन्न कार्यों पर श्री बालाजी ट्रेडर्स ब्यावराकलां प्रोप्राइटर कुशल सिंह दांगी सरपंच पुत्र को वेंडर बनाया जाकर राशि का आहरण किया गया, जबकि वर्तमान में श्री बालाजी ट्रेडर्स की ब्यावराकलां में दुकान संचालित नहीं है तथा ग्राम पंचायत द्वारा राशि आहरण की प्रक्रिया गलत तरीके से की गई, जिसके कारण श्री खींची सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया.पीएम आवास योजना के एक अन्य प्रकरण में जांच के दौरान यह भी सामने आया कि एक जैसे नामों का फायदा उठाकर पात्र हितग्राही का लाभ उसी के नाम के किसी अन्य व्यक्ति को दे दिया गया.

अवैध शराब पर कार्रवाई 500 लीटर शराब जप्त

ग्राम कटारियाखेड़ी पहुंचा 5 थानों का पुलिसबल

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 23 मार्च, का. अवैध शराब निर्माण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को पुलिस द्वारा ग्राम कटारिया खेड़ी में दबिश देते हुए कार्यवाही की गई. पांच थानों के पुलिस बल द्वारा संयुक्त रुप से कार्यवाई की गई. थाना प्रभारियों एवं उनकी टीम के साथ संयुक्त रूप से कार्यवाही की.

कार्यवाही में लगभग 500 लीटर शराब जप्त की गई. पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे तथा एसडीओपी प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में दबिश देते हुए कार्यवाही की गई. जप्त सामग्री में 16 पेटी देशी प्लेन मदिरा, 6 पेटी मसाला मदिरा, 3 पेटी एमडी रम, 2 पेटी 8 पीएम, 2 पेटी मैजिक मोमेंट सहित कुल मिलाकर लगभग 261 लीटर अंग्रेजी एवं देशी मदिरा जप्त की. करीब 240 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब जप्त की गई.

इसके अतिरिक्त अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त लगभग 1 लाख लीटर लहान को मौके पर ही नष्ट किया गया. 4 अवैध शराब की भट्टियों को ध्वस्त किया गया. साथ ही मेन रोड की दुकानों पर अवैध रूप से संचालित गुमटियों एवं ढांचों को हटाया गया. इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर उनके विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है.

सीएम हेल्पलाइन : बॉटम-5 में शामिल विभागों पर जुर्माना

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पर सख्ती

अटेंडेंस सिर्फ एप पर ही लगाएं

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 23 मार्च, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई. बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले विभागों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की.

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि गत रिपोर्ट में सीएम हेल्पलाइन में बॉटम-5 में शामिल विभागों पर 2-2 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया जाए. उन्होंने कहा कि शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जिले की रैंकिंग में सुधार हो सके. बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे सार्थक एप पर नियमित रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करें.

साथ ही संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए गए कि जाति एवं आय प्रमाण पत्रों की प्रविष्टियां संकल्प से समाधान पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करें. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उपार्जन कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी एसडीएम एवं तहसीलदार उपार्जन केंद्रों का सत्यापन सुनिश्चित करें, ताकि व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें.

इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी खाद गोदामों का फिजिकल वेरिफिकेशन कराने के भी निर्देश दिए, जिससे किसानों को समय पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके. बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.

राम नाम के साथ मऊ में निकली संध्या फेरी

नवभारत न्यूज

पड़ाना 23 मार्च, सं. खेड़ापति हनुमान मंदिर ग्राम मऊ में 10 अलग-अलग ग्रामीण क्षेत्र से प्रात: ब्रह्मकालीन प्रभात फेरी निकलने वाले श्रद्धालुओं का दक्षिणा देकर सम्मान कर महाप्रसाद वितरण की. रविवार शाम नगर में संध्या फेरी परिक्रमा का आयोजन किया गया. प्रभात फेरी अलग-अलग टोली बनाकर ढोलक जान मंजीरे की थाप पर राम स्मरण करते हुए निकाली गई. ग्रामीणों द्वारा जगह- जगह रंगोली सजाकर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया. रात्रि 10 बजे महाआरती कर भंडारे का आयोजन हुआ. पश्चात गुरु चरण दास जी महाराज के सानिध्य में ब्रह्म कालीन प्रभात फेरी निकलने वाले धार्मिक श्रद्धालु महिला पुरुषों का सम्मान किया. इस मौके पर मेहताब सेठ, मुकेश राजपूत, प्रेम राजपूत, संतोष राजपूत, चंदर सेठ, किशोर सिंह राजपूत, हेमराज पटवारी, श्याम राजपूत, मोहन ठाकुर, सरदार राजपूत, जसोदा बाई, कलाबाई, अयोध्याबाई, ज्योतिबाई, किरण राजपूत, रुक्मणी राजपूत, प्रेम सिंह राजपूत, राधेश्याम परमार, अमर सिंह ठाकुर, राम सिंह वर्मा, प्रकाश सांवरे, आत्माराम वर्मा, भागीरथ पंडित, कैलाश सिंह राजपूतख छतर सिंह इत्यादि उपस्थित रहे.

उर्स मेले में पुलिस ने पांच उपद्रवियों को पकड़ा

नवभारत न्यूज, राजगढ़ 23 मार्च, का. राजगढ़ के उर्स मेले में इस बार पुलिस की सख्ती साफ नजर आई. भीड़ के बीच सक्रिय उपद्रवियों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सोमवार को अलग-अलग मामलों में 5 युवकों को गिरफ्तार किया. मेले में लगातार निगरानी के चलते चोरी की कोशिश, फर्जी टिकट बेचने और झगड़ा कर माहौल बिगाड़ने वालों पर तुरंत शिकंजा कसा गया. बाराव्दारी निवासी हेमराज मेवाड़े एक महिला का पर्स चुराने की कोशिश करते पकड़ा गया. वहीं झूला परिसर में नकली टिकट बेच रहे रुघनाथपुरा निवासी अनारसिंह तंवर को भी पुलिस ने रंगे हाथों दबोच लिया. इसके अलावा श्रीपुरा निवासी परमेश्वर लोधी और राजस्थान के दो युवक गोरधन व विष्णु तंवर को आपसी विवाद कर शांति भंग करने पर हिरासत में लिया गया.

धूमधाम से मनेगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव

ब्यावरा. भव्य आयोजन की रुपरेखा तैयार करते समाजन

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 23 मार्च, का. जिले भर में 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव भक्तिभाव के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा. इसको लेकर नगर में बैठक आयोजित की गई. जिसमें भव्य आयोजन की रुपरेखा तैयार की. आगामी 19 अप्रैल को ब्राह्मण समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम जन्मोत्सव को भव्य और गरिमामय रूप से मनाने के लिए रविवार की रात्रि को स्थानीय परशुराम मंदिर पर ब्राह्मण समाज द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं सहित समाज बंधु शामिल हुए. आयोजन को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार की. सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भगवान परशुराम जन्मोत्सव को विशेष उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा. आयोजन के अंतर्गत शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी. जिसमें भगवान परशुराम की आकर्षक झांकी, बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे. ब्राह्मण समाज के कार्यकारी अध्यक्ष गिरिराज शर्मा बालाजी के अनुसार भगवान परशुराम जन्म उत्सव को लेकर समाज द्वारा तैयारियां की जा रही. उत्सव के तहत मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजन भी होंगे. जिसमें हवन-पूजन, आरती, भजन-कीर्तन एवं प्रसादी वितरण होगा. भगवान परशुराम के जीवन, उनके आदर्शों और समाज में उनके योगदान पर प्रकाश डाला जाएगा, ताकि नई पीढ़ी उनके विचारों से प्रेरणा ले सके. आयोजन की जिम्मेदारियों को लेकर दायित्व सौंपे गये.

शहीद दिवस पर जन्मे 'भगत सिंह' ने लगाए सकोरे

नवभारत न्यूज

छापीहेड़ा 23 मार्च, सं. शहीद दिवस पर भाटखेड़ा में नन्हे बालक ने अपने जन्मदिन को सेवा और संस्कार से जोड़कर खास बना दिया. शहीद दिवस के दिन जन्मे बालक भगत सिंह ने अपने तीसरे जन्मदिन पर पक्षियों के लिए सकोरे बांधकर लोगों को प्रकृति प्रेम और सेवा का संदेश दिया. ग्राम भाटखेड़ा में वर्ष 2023 में शहीद दिवस के दिन जन्मे बालक का नाम उसी दिन के सम्मान में भगत सिंह रखा गया था. अब जब बालक ने तीन वर्ष पूर्ण किए, तो उसने अपनी बड़ी बहन दिव्यांशी के साथ मिलकर अपने जन्मदिन और शहीद दिवस के अवसर पर घर के आसपास कई जगह सकोरे बांधे और पक्षियों के लिए दाना-पानी रखा. यह कार्य समाज को बड़ा संदेश देता है कि जन्मदिन केवल केक काटने से नहीं, बल्कि सेवा और संस्कार से भी मनाया जा सकता है.

विश्व शांति के लिए निकली पद यात्रा का भव्य स्वागत

आनंदमयी पदयात्रा पहुंची सारंगपुर नगर

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 23 मार्च, सं. महामंडलेश्वर घूमेश्वर धाम पवाया ग्वालियर अनिरुद्धवन महाराज के सानिध्य में घूमेश्वर धाम से महाकालेश्वर तक निकाली जा रही विश्व शांति एवं जनकल्याण यात्रा का पुष्पवर्षा कर नागरिको ने स्वागत किया और आशीर्वाद लिया. महामंडलेश्वर ने कहा कि आज जब पूरा विश्व अशांति, संघर्ष और असंतुलन से जूझ रहा है, ऐसे समय में भारत की सनातन संस्कृति सदैव शांति, सद्भाव और सहअस्तित्व का संदेश देती आई है. यात्रा प्रभारी प्रदीप सादानी ने बताया कि नगर में अतिथि देवो की परंपरा का निर्वाह करते हुए विश्वशांति के लिए पदयात्रा का उद्देश्य दुनिया में शांति और कल्याण है.

कार्यक्रम में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, फुलमाली समाज जिला अध्यक्ष संतोष पुष्पद, सकल पंच फूल माली अध्यक्ष शिवनारायण काका, पूर्व नपाध्यक्ष रूपल प्रमोद सादानी, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, नपा उपाध्यक्ष निलेश वर्मा, ओमप्रकाश राठी, ओपी विजयवर्गीय, पीएस मंडलोई, श्याम सुंदर राठी, हरीश राठी, प्रकाश विजयवर्गीय, सर्राफा व्यवसायी प्रदीप श्रीमाल, कैलाश सोनी, सत्यनारायण शर्मा, पार्षद कमल शर्मा, कपड़ा व्यवसाय अरविंद चौधरी, अनूप चौधरी, ऐलम सिंह राजपूत, सिंह राजपूत लखन राजपूत, अभय सिसोदिया,कैलाश राजपूत, राजेंद्र गुप्ता, दिनेश राठौर सतीश राठौर सतीश मिश्रा,पंकज जैन,जगदीश चौरसिया, अखिलेश राठी प्रियेश पारीक, मनीष छापरवाल, नंदू पाटीदार, मांगीलाल पाटीदार,महेश पाटीदार, बबलू गुर्जर, शिव गुप्ता,अनिल माहेश्वरी श्याम बियानी, जगदीश राठौर, रजनीश मिश्रा, रामेश्वर चौरसिया शामिल रहे. शहर के अलग-अलग स्थान पर पाटीदार समाज, सोनी समाज, माहेश्वरी समाज, राठौर समाज, पेंशनर संघ बबलू गुर्जर मित्र मंडल द्वारा साइ सेवा समिति, सेवा सदन,राठी परिवार, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष , फुल माली समाज, श्रीमाल समाज, बस स्टैंड व्यापारी एसोसिएशन, बोहरा समाज, मुस्लिम समाज से नायब सदर आशिक मेवाती, जब्बार मंसूरी असलम खान एवं,अखलाक मेवाती ने भी स्वागत किया.

परेशानी | **भोपाल में किया जा रहा फायर ब्रिगेड में मरम्मत कार्य, आगजनी पर काबू पाने यहां-वहां से हो रहे इंतेजाम**

जरूरत के समय में 1 माह से खराब पड़ी फायर ब्रिगेड

नवभारत न्यूज

सुठालिया 23 मार्च, सं. नगर पंचायत परिषद सुठालिया की फायर ब्रिगेड एक पखवाड़े से अधिक समय से भोपाल में मरम्मत के लिए वहां गई हुई है, जिसके चलते आगजनी की घटना होने पर त्वरित आग बुझाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. आग बुझाने दूरस्थ स्थान से फायर ब्रिगेड बुलवाई जा रही है जिसमें समय लग जाने से अधिक नुमसान की संभावना बनी रहती है.

सोमवार को पशु हाट बाजार के समीप नालाझिरी के यहां खेत में आग लगी तो मधुसूदनगढ़ से फायर ब्रिगेड को बुलवाना पड़ा. सुठालिया निवासी चम्पालाल पिता मांगीलाल लोधी ने थाना प्रभारी के नाम पुलिस थाने में दिए आवेदन में कहा है कि नालाझिरी रोड के यहां समीप खेत में किसी के द्वारा नरवाई में आग लगाई जो उनके खेत तक आ पहुंची. जिससे उनके खेत पर रखे 20 पाईप, 1800 फीट डोरी आदि सामग्री जल गई. इसके पूर्व शुक्रवार को मधुसूदनगढ़ रोड पर एक ऑटो पार्टस दुकान में लगी आग को बुझाने के लिए भी मधुसूदनगढ़ से फायर ब्रिगेड बुलवाई गई.

सुठालिया. नरवाई में लगाई आग से नुकसान

हर बार गर्मी में खराब हो जाती है सुठालिया की फायर ब्रिगेड

जानकारी के अनुसार पूर्व में भी गर्मी के दिनों में फायर ब्रिगेड में खराबी होने पर मरम्मत के लिए कईदिनों तक फायर ब्रिगेड भोपाल में रही. जिससे आगजनी होने पर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा.

बाहर से फायर ब्रिगेड आने पर लग जाता समय

सुठालिया की फायर ब्रिगेड के खराब होने पर कहीं आगजनी होती है तो आग बुझाने के लिए मधुसूदनगढ़ या फिर ब्यावरा से फायर ब्रिगेड बुलाई जाती है. इन जगहों से फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचने में 20 से 25 मिनिट या इससे अधिक का समय लग जाता है जिससे कहीं अधिक नुकसान की संभावना बनी रहती है. इस संबंध में सुठालिया नगर पंचायत परिषद प्रबंधन का कहना है कि जल्द ही फायर ब्रिगेड मरम्मत होकर आ जाएगी.